Title: Regarding need to take suitable measures to increase the production of fertilizer in the Country.

(ix) Need to take suitable measures to increase the production of fertilizer in the country

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, देश में अचानक रासायनिक खाद की आपूर्ति में आयी कमी से समय पर किसानों को खाद नहीं मिल पायी। मध्य प्रदेश जैसे कइ राज्यों में बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी देखने को मिली है। ज्ञात हुआ है कि देश के उत्पादकों ने खाद बनाना बंद कर दिया है जिससे विदेश से खाद की आपूर्ति की जा रही है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि अब तक कितनी खाद किस भाव में विभिन्न देशों से खरीदी गयी है। सरकार को उन कारणों की जांच करनी चाहिए जिनके चलते देश में खाद का उत्पादन बंद हो गया है।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि देश में खाद का उत्पादन बढ़ाने के लिए समुचित उपाय किये जायें।